Test Booklet Code & Serial No.
प्रश्नपत्रिका कोड व क्रमांक

**A**

# Paper-II
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) .........................................

(Name) ...............................................

2. (Signature) .........................................

(Name) ...............................................

Seat No. | | | | | | |

(In figures as in Admit Card)

Seat No. ...........................................................

(In words)

OMR Sheet No. | | | | | | |

(To be filled by the Candidate)

## JUN - 02220

**Time Allowed : 2 Hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **28** Number of Questions in this Booklet : **100**

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Seat No. and OMR Sheet No. in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **100** objective type questions. Each question will carry *two* marks. *All* questions of Paper II will be compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to the student. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as follows :
   (*i*) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal or open booklet.
   (*ii*) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to missing pages/questions or questions repeated or not in serial order or any other discrepancy should not be accepted and correct booklet should be obtained from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given. The same may please be noted.
   (*iii*) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** where (C) is the correct response.
   (A) (B) ● (D)
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done at the end of this booklet.
8. If you write your Name, Seat Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry the Test Booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. Use only Blue/Black Ball point pen.
11. Use of any calculator or log table, etc., is prohibited.
12. There is no negative marking for incorrect answers.

**विद्यार्थ्यांसाठी महत्त्वाच्या सूचना**

1. परिक्षार्थींनी आपला आसन क्रमांक या पृष्ठावरील वरच्या कोपऱ्यात लिहावा. तसेच आपणांस दिलेल्या उत्तरपत्रिकेचा क्रमांक त्याखाली लिहावा.
2. सदर प्रश्नपत्रिकेत 100 बहुपर्यायी प्रश्न आहेत. प्रत्येक प्रश्नास **दोन** गुण आहेत. या प्रश्नपत्रिकेतील **सर्व** प्रश्न सोडविणे अनिवार्य आहे.
3. परीक्षा सुरू झाल्यावर विद्यार्थ्याला प्रश्नपत्रिका दिली जाईल. सुरुवातीच्या 5 मिनीटांमध्ये आपण सदर प्रश्नपत्रिका उघडून खालील बाबी अवश्य तपासून पहाव्यात.
   (*i*) प्रश्नपत्रिका उघडण्यासाठी प्रश्नपत्रिकेवर लावलेले सील उघडावे. सील नसलेली किंवा सील उघडलेली प्रश्नपत्रिका स्विकारू नये.
   (*ii*) पहिल्या पृष्ठावर नमूद केल्याप्रमाणे प्रश्नपत्रिकेची एकूण पृष्ठे तसेच प्रश्नपत्रिकेतील एकूण प्रश्नांची संख्या पडताळून पहावी. पृष्ठे कमी असलेली/कमी प्रश्न असलेली/प्रश्नांचा चुकीचा क्रम असलेली किंवा इतर त्रुटी असलेली सदोष प्रश्नपत्रिका सुरुवातीच्या 5 मिनिटातच पर्यवेक्षकाला परत देऊन दुसरी प्रश्नपत्रिका मागवून घ्यावी. त्यानंतर प्रश्नपत्रिका बदलून मिळणार नाही तसेच वेळही वाढवून मिळणार नाही याची कृपया विद्यार्थ्यांनी नोंद घ्यावी.
   (*iii*) वरीलप्रमाणे सर्व पडताळून पाहिल्यानंतरच प्रश्नपत्रिकेवर ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेचा नंबर लिहावा.
4. प्रत्येक प्रश्नासाठी (A), (B), (C) आणि (D) अशी चार विकल्प उत्तरे दिली आहेत. त्यातील योग्य उत्तराचा रकाना खाली दर्शविल्याप्रमाणे ठळकपणे काळा/निळा करावा.
   **उदा.** : जर (C) हे योग्य उत्तर असेल तर.
   (A) (B) ● (D)
5. या प्रश्नपत्रिकेतील प्रश्नांची उत्तरे **ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेतच दर्शवावीत.** इतर ठिकाणी लिहिलेली उत्तरे तपासली जाणार नाहीत.
6. आत दिलेल्या सूचना काळजीपूर्वक वाचाव्यात.
7. प्रश्नपत्रिकेच्या शेवटी जोडलेल्या कोऱ्या पानावरच कच्चे काम करावे.
8. जर आपण ओ.एम.आर. वर नमूद केलेल्या ठिकाणा व्यतिरीक्त इतर कोठेही नाव, आसन क्रमांक, फोन नंबर किंवा ओळख पटेल अशी कोणतीही खूण केलेली आढळून आल्यास अथवा असभ्य भाषेचा वापर किंवा इतर गैरमार्गांचा अवलंब केल्यास विद्यार्थ्याला परीक्षेस अपात्र ठरविण्यात येईल.
9. परीक्षा संपल्यानंतर विद्यार्थ्याने मूळ ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिका पर्यवेक्षकांकडे परत करणे आवश्यक आहे. तथापि, प्रश्नपत्रिका व ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेची द्वितीय प्रत आपल्याबरोबर नेण्यास विद्यार्थ्यांना परवानगी आहे.
10. फक्त निळ्या किंवा काळ्या बॉल पेनचाच वापर करावा.
11. कॅलक्युलेटर किंवा लॉग टेबल वापरण्यास परवानगी नाही.
12. चुकीच्या उत्तरासाठी गुण कपात केली जाणार नाही.

# Hindi
## Paper II
# हिंदी
## प्रश्नपत्रिका II

**Time Allowed : 120 Minutes]** **[Maximum Marks : 200**

**सूचना :** इस प्रश्न-पत्र में **सौ (100)** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. 'कोरियाई लिपि' किस लिपि से विकसित हुई है ?
   (A) ब्राह्मी
   (B) लैटिन
   (C) हित्ती
   (D) केल्टिक

2. इनमें से कौन बिहारी उपवर्ग की बोली **नहीं** है ?
   (A) भोजपुरी
   (B) अवधी
   (C) मैथिली
   (D) मगही

3. निम्नलिखित में कौनसी बोली पश्चिमी हिन्दी की **नहीं** है ?
   (A) बुंदेली
   (B) ब्रज
   (C) कन्नौजी
   (D) बघेली

4. सर्वप्रथम हिन्द की देशी भाषा के लिए 'हिन्दवी' शब्द का प्रयोग किसने किया है ?
   (A) अमीर खुसरो
   (B) कवि औफी
   (C) बन्दानवाज गेसूदराज
   (D) शाह मीरांजी शमसुलउश्शाक

5. सूर के भ्रमरगीत में निम्नलिखित में से क्या **नहीं** है ?
   (A) प्रेम
   (B) भक्ति
   (C) रहस्यानुभूति
   (D) वाग्विदग्धता

6. निम्नलिखित में से कौनसी विशेषता 'चैतन्य संप्रदाय' में **नहीं** है ?
   (A) ब्रज गोपिकाएँ श्रेष्ठ हैं
   (B) विष्णु का स्थान सर्वोच्च है
   (C) भागवत सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है
   (D) शुद्धा भक्ति श्रेयस्कर है

7. निम्नलिखित में से कौन ख्वाजा बंदे नवाज का दक्खिनी में लिखा ग्रंथ **नहीं** है ?

(A) हिदायतनामा

(B) मीराजुल आशकीन

(C) इरशादनामा

(D) बारहमासा

8. भूषण को 'कवि भूषण' की उपाधि किसने दी थी ?

(A) चित्रकूट नरेश

(B) छत्रसाल

(C) शिवाजी

(D) जयसिंह

9. 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' का प्रकाशन कब शुरू हुआ ?

(A) 1867 ई.

(B) 1847 ई.

(C) 1866 ई.

(D) 1865 ई.

10. 'प्रयोगवाद' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ?

(A) नंददुलारे वाजपेयी

(B) नेमिचंद्र जैन

(C) अज्ञेय

(D) श्रीधर पाठक

11. भूलगलती क्या पहनकर बैठी है ?

(A) जिरह बख्तर

(B) साड़ी

(C) कवच

(D) रेशमी वस्त्र

12. इनमें से कौन 'रात का रिपोर्टर' उपन्यास के रचयिता हैं ?

(A) अज्ञेय

(B) यशपाल

(C) उषा प्रियंवदा

(D) निर्मल वर्मा

13. राग दरबारी उपन्यास के केन्द्र में कौनसा गांव है ?

(A) गोपालगंज

(B) शिवपालगंज

(C) रामगंज

(D) दीवानगंज

14. निम्नलिखित में से कौनसा पात्र 'शेखर : एक जीवनी' (भाग-1) से सम्बन्धित **नहीं** है ?

(A) सरस्वती

(B) शारदा

(C) मणिका

(D) गौरा

15. प्रेमचंद के अलावा किस लेखक ने 'पंच परमेश्वर' शीर्षक कहानी की रचना की है ?

(A) यशपाल

(B) रांगेय राघव

(C) अज्ञेय

(D) जैनेन्द्र

16. निम्नलिखित में से कौन सुरेन्द्र वर्मा का एकांकी **नहीं** है ?

(A) अजंता की नर्तकी

(B) वे नाक से बोलते हैं

(C) शनिवार को दो बजे

(D) हरी घास पर घंटे भर

17. 'आकाशदीप' कहानी का नायक बुद्धगुप्त पेशे से क्या था ?

(A) राजा

(B) जलदस्यु

(C) सेनानायक

(D) महामंत्री

18. अश्वघोष के 'सौंदरानंद' पर आधारित नाटक कौनसा है ?

(A) सूखा सरोवर

(B) रातरानी

(C) लहरों के राजहंस

(D) सूर्यमुख

19. नागार्जुन के अनुसार कोकिला किस पर बैठकर कूक गई ?

(A) आम की डाली पर

(B) जली ठूंठ पर

(C) फूले पलाश पर

(D) गदराये कदम्ब पर

20. 'उठ जाग मुसाफिर' निबंध के लेखक कौन हैं ?

(A) कुबेरनाथ राय

(B) विवेकी राय

(C) विद्यानिवास मिश्र

(D) विभूतिनारायण राय

21. जहाँ मैं खड़ा हूँ (भाग–1), रोशनी की पगडंडियाँ (भाग–2) और टूटते बुनते दिन (भाग–3) उक्त तीन भागों में प्रकाशित आत्मकथा निम्नलिखित किस लेखक की है ?

(A) अमृतलाल नागर

(B) रामदरश मिश्र

(C) बनारसीदास चतुर्वेदी

(D) काका कालेलकर

22. अनेक व्यंजनों की एक बार स्वरूप और क्रम से आवृत्ति को क्या कहते हैं ?

(A) लाटानुप्रास

(B) छेकानुप्रास

(C) वृत्त्यनुप्रास

(D) अन्त्यानुप्रास

23. आ. शुक्ल के अनुसार साधारणीकरण किससे होता है ?

(A) आलम्बन धर्म

(B) कवि की अनुभूति

(C) सहृदय के चित्र का

(D) भूल चरित्र का

24. 'वचन, क्रिया और रूप-विन्यास की विकृति से उत्पन्न मन के उल्लास' को क्या कहा जाता है ?

(A) रति

(B) हास

(C) शोक

(D) उत्साह

25. निम्नलिखित में से 'रसज्ञरंजन' ग्रंथ के आचार्य कौन हैं ?

(A) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(D) आचार्य केशवदास

26. इस उद्धरण में कौनसा काव्य-गुण है ?

बिंदु में थीं तुम सिंधु अनंत, एक सुर में समस्त संगीत।
एक कलिका में अखिल वसंत, धरा पर थीं तुम स्वर्ग पुनीत।।

(A) ओज

(B) प्रसाद

(C) माधुर्य

(D) आभिजात्य

27. उपमेय में उपमान का निषेध रहित आरोप किस अलंकार में होता है ?

(A) उपमा

(B) संभावना

(C) रूपक

(D) श्लेष

28. प्लेटो ने अनुकरण का संबंध 'वस्तु' से जोड़ा था, अरस्तू ने अनुकरण का संबंध किससे जोड़ा है ?

(A) प्रत्यय

(B) जगत

(C) कार्यव्यापार

(D) यथार्थ

29. "वर्तमान की परख सदैव अतीत के आधार पर होनी चाहिए।" किसका कथन है ?

(A) एजरा पाउंड

(B) टी. एस. इलियट

(C) प्लेटो

(D) आई.ए. रिचर्ड्स

30. प्रतीकवाद का घोषणा-पत्र किस अखबार में छपा था ?

(A) 'फिगारो'

(B) लंदन टाइम्स

(C) न्यूयार्क टाइम्स

(D) वाशिंगटन पोस्ट

31. निम्नलिखित भाषा परिवारों के साथ भाषाओं को सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) काकेशियन परिवार

(*b*) मलय-पॉलिनेशियन परिवार

(*c*) आस्ट्रो-एशियाटिक परिवार

(*d*) बुशमैन परिवार

**सूची II**

(1) समोअन

(2) संथाली

(3) तुर्की

(4) ऐकवे

(5) चेचेन

इनमें से **सही** विकल्प है :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (5) | (1) | (2) |
| (B) | (2) | (4) | (3) | (5) |
| (C) | (5) | (3) | (2) | (4) |
| (D) | (5) | (1) | (2) | (4) |

32. हिन्दी-संस्थाओं को उनके मुख्यालयों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा

(*b*) हिंदी साहित्य सम्मेलन

(*c*) केंद्रीय हिंदी संस्थान

(*d*) केंद्रीय हिंदी निदेशालय

**सूची II**

(1) बँगलुरू

(2) नई दिल्ली

(3) प्रयागराज

(4) आगरा

(5) चेन्नई

इनमें से **सही** विकल्प है :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (3) | (4) | (5) |
| (B) | (5) | (3) | (4) | (2) |
| (C) | (2) | (4) | (1) | (3) |
| (D) | (3) | (4) | (2) | (1) |

33. निम्नलिखित रचनाकारों का उनकी रचनाओं के साथ सुमेलन कीजिए :

**सूची I**

(*a*) महादेवी वर्मा

(*b*) तुलसीराम

(*c*) शिवरानी देवी

(*d*) मन्नू भंडारी

**सूची II**

(1) प्रेमचंद घर में

(2) मुर्दहिया

(3) आपहुदरी

(4) ठकुरी बाबा

(5) एक कहानी यह भी

निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (3) | (1) | (2) |
| (B) | (3) | (2) | (1) | (5) |
| (C) | (4) | (2) | (1) | (5) |
| (D) | (4) | (3) | (1) | (5) |

34. निम्नलिखित लेखकों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) विजयसेन सूरि

(*b*) नरपति नाल्ह

(*c*) शालिभद्र सूरि

(*d*) आसगु

**सूची II**

(*i*) रेवन्तगिरि रासो

(*ii*) भरतेश्वर बाहुबली रासो

(*iii*) बीसलदेव रासो

(*iv*) चन्दनबाला रासो

(*v*) योगचर्या

इनमें से **सही** विकल्प है :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*v*) |
| (B) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (C) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) |
| (D) | (*v*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |

35. निम्नलिखित ग्रंथों को उनके रचयिताओं से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) रासपंचाध्यायी

(*b*) भक्तनामावली

(*c*) जुगलमान चरित्र

(*d*) हित चौरासी

(*e*) युगल शतक

**सूची II**

(1) ध्रुवदास

(2) नंददास

(3) हितहरिवंश

(4) कृष्णदास

(5) श्रीभट्ट

निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) | (*e*) |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (1) | (4) | (3) | (5) |
| (B) | (1) | (2) | (4) | (3) | (5) |
| (C) | (3) | (4) | (2) | (5) | (1) |
| (D) | (2) | (4) | (1) | (5) | (3) |

36. निम्नलिखित प्रबंध काव्यों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

सूची I

(*a*) चण्डीचरित्र

(*b*) द्रोणपर्व (संग्राम सार)

(*c*) सुजान चरित

(*d*) हिम्मत बहादुर विरुदावली

सूची II

(1) कुलपति मिश्र

(2) रामसिंह

(3) गोविन्दसिंह

(4) सूदन

(5) पद्माकर

इनमें से **सही** विकल्प है :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (3) | (2) | (4) |
| (B) | (4) | (5) | (1) | (3) |
| (C) | (2) | (1) | (3) | (4) |
| (D) | (3) | (1) | (4) | (5) |

37. निम्नलिखित ग्रन्थों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

सूची I

(*a*) मृगावत

(*b*) सत्यवती कथा

(*c*) अखरावट

(*d*) चन्दायन

सूची II

(1) मुल्ला दाउद

(2) जायसी

(3) कुतुबन

(4) मंझन

(5) ईश्वरदास

निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (5) | (1) | (2) |
| (B) | (4) | (3) | (2) | (1) |
| (C) | (3) | (5) | (2) | (1) |
| (D) | (4) | (5) | (2) | (1) |

38. निम्नलिखित रचनाओं का रचनाकारों के साथ सुमेलन कीजिए :

**सूची I**

(*a*) खावरनामा

(*b*) गुलशने इश्क

(*c*) युसुफ जुलेखा

(*d*) मनलगन

**सूची II**

(1) हाशिमी

(2) बहरी

(3) नुसरती

(4) रुस्तमी

(5) गोव्वासी

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (4) | (1) | (3) |
| (B) | (5) | (3) | (1) | (4) |
| (C) | (4) | (3) | (1) | (2) |
| (D) | (2) | (5) | (3) | (1) |

39. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) अरे यायावर रहेगा याद

(*b*) एक लेखक की डायरी

(*c*) संस्कृति के चार अध्याय

(*d*) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

**सूची II**

(1) मुक्तिबोध

(2) हरिशंकर परसाई

(3) हरिवंशराय बच्चन

(4) अज्ञेय

(5) दिनकर

निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (5) | (1) | (3) |
| (B) | (4) | (1) | (5) | (3) |
| (C) | (4) | (2) | (5) | (3) |
| (D) | (3) | (4) | (1) | (5) |

40. निम्नलिखित कहानियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) घुसपैठिए

(*b*) हैरि कब आएगा

(*c*) दलित ब्राह्मण

(*d*) एक गाँव की मौत

**सूची II**

(1) सूरजपाल चौहान

(2) शरणकुमार लिंबाळे

(3) भवनीसिंह

(4) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(5) जयप्रकाश कर्दम

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (4) | (2) | (3) |
| (B) | (4) | (1) | (2) | (3) |
| (C) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (D) | (2) | (3) | (1) | (4) |

41. निम्नलिखित कहानियों के पात्रों को उनसे सम्बन्धित कहानियों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) नवल किशोर

(*b*) दिलफ़िगार

(*c*) किरन

(*d*) मगजोगनी

**सूची II**

(1) दुनिया का सबसे अनमोल रतन

(2) दुलाईवाली

(3) कहानी का प्लाट

(4) कानों में कँगना

(5) उसने कहा था

इनमें से **सही** विकल्प चुनिए :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (B) | (2) | (1) | (4) | (3) |
| (C) | (1) | (4) | (3) | (2) |
| (D) | (2) | (1) | (3) | (4) |

42. निम्नलिखित नाटक तथा चरित्र को सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) कोणार्क

(*b*) अंधेर नगरी

(*c*) आधे-अधूरे

(*d*) आठवाँ सर्ग

**सूची II**

(1) कालिदास

(2) धर्मपद

(3) गोवर्धनदास

(4) अशोक

(5) सुंदरी

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प कौनसा है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (1) | (3) | (2) |
| (B) | (3) | (2) | (1) | (4) |
| (C) | (1) | (4) | (2) | (5) |
| (D) | (2) | (3) | (4) | (1) |

43. निम्नलिखित निबंध-रचनाओं को उनके लेखकों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) संस्कृति और सौंदर्य

(*b*) उठ जाग मुसाफिर

(*c*) उत्तराफाल्गुनी के आस-पास

(*d*) दिल्ली दरबार दर्पण

**सूची II**

(1) कुबेरनाथ राय

(2) भारतेंदु

(3) बालकृष्ण भट्ट

(4) नामवर सिंह

(5) विवेकी राय

निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (3) | (1) | (2) |
| (B) | (4) | (2) | (1) | (5) |
| (C) | (4) | (5) | (1) | (2) |
| (D) | (5) | (2) | (3) | (1) |

44. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनकी काव्य-रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) उतरा ज्यों दुर्गम पर्वत पर नैशांधकार
चमकती दूर तारायें ज्यों हों कहीं पार।

(*b*) जड़ चेतन सब एकाकार
शून्य विश्व के उर में केवल
साँसों का आना-जाना!

(*c*) हमारे कोण, गलियाँ, अंतरीप, उभार, सैकत कूल,
सब गोलाइयाँ उसकी गढ़ी हैं।

(*d*) मेरा पग-पग संगीत भरा
श्वासों से स्वप्न-पराग झरा
नभ के नव रंग बुनते दुकूल
छाया में मलय-बयार पली।

**सूची II**

(1) मैं नीर भरी दुख की बदली

(2) बीन भी हूँ मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ

(3) राम की शक्ति पूजा

(4) प्रथम रश्मि

(5) नदी के द्वीप

निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (4) | (5) | (1) |
| (B) | (2) | (4) | (5) | (1) |
| (C) | (3) | (2) | (1) | (5) |
| (D) | (5) | (4) | (3) | (1) |

45. निम्नलिखित कृतियों को उनके लेखकों से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) हिन्दी नवरत्न

(*b*) केशव की काव्य-कला

(*c*) हिन्दी भाषा और साहित्य

(*d*) नया साहित्य : नये प्रश्न

**सूची II**

(1) श्यामसुंदर दास

(2) नंददुलारे वाजपेयी

(3) कृष्णशंकर शुक्ल

(4) मिश्रबंधु

(5) महावीरप्रसाद द्विवेदी

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प कौनसा है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (3) | (1) | (2) |
| (B) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| (C) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (D) | (3) | (2) | (4) | (1) |

46. निम्नलिखित कृतियों को सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) जुलूस रुका है

(*b*) ऋणजल धनजल

(*c*) युद्ध यात्रा

(*d*) तूफानों के बीच

**सूची II**

(1) धर्मवीर भारती

(2) रांगेय राघव

(3) फणीश्वरनाथ रेणु

(4) विवेकी राय

(5) निर्मल वर्मा

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (3) | (1) | (2) |
| (B) | (5) | (2) | (3) | (4) |
| (C) | (3) | (2) | (5) | (4) |
| (D) | (1) | (3) | (4) | (2) |

47. संस्कृत आचार्य और उनके आविर्भाव काल को सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) भामह

(*b*) वामन

(*c*) आनंदवर्द्धन

(*d*) क्षेमेंद्र

**सूची II**

(1) चौथी शती

(2) छठी शती

(3) आठवीं शती

(4) नवीं शती

(5) ग्यारहवीं शती

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प कौनसा है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| (B) | (1) | (4) | (3) | (2) |
| (C) | (4) | (1) | (2) | (3) |
| (D) | (3) | (2) | (1) | (4) |

48. रस से सम्बन्धित निम्नलिखित ग्रंथ और उनके लेखकों को सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) रसमीमांसा

(*b*) रससिद्धान्त

(*c*) रससिद्धांत और सौंदर्यशास्त्र

(*d*) रसविमर्श

**सूची II**

(1) डॉ. राममूर्ति त्रिपाठी

(2) डॉ. निर्मला जैन

(3) डॉ. नगेंद्र

(4) आ. रामचंद्र शुक्ल

(5) डॉ. भगीरथ मिश्र

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प कौनसा है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (1) | (5) | (3) |
| (B) | (3) | (2) | (1) | (5) |
| (C) | (1) | (4) | (3) | (2) |
| (D) | (4) | (3) | (2) | (1) |

49. निम्नलिखित पंक्तियों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) अस्पर्श छुअन से हुए तार

(*b*) उद्धार प्रिया का हो न सका

(*c*) समर्पण लो सेवा का सार

(*d*) मैं यहाँ नहीं संदेश स्वर्ग का लाया

**सूची II**

(1) कामायनी

(2) साकेत

(3) राम की शक्ति पूजा

(4) कुरुक्षेत्र

(5) असाध्य वीणा

**सही** विकल्प का चयन कीजिए :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (3) | (1) | (2) |
| (B) | (4) | (5) | (2) | (1) |
| (C) | (4) | (5) | (3) | (2) |
| (D) | (5) | (1) | (2) | (3) |

50. निम्नलिखित कथनों को उससे सम्बद्ध व्यक्ति से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) केशकम्बली

(*b*) वसंत के अग्रदूत

(*c*) एक पुरुष

(*d*) भारतीय आत्मा

**सूची II**

(1) मनु

(2) माखनलाल चतुर्वेदी

(3) निराला

(4) मैथिलीशरण गुप्त

(5) प्रियंवद

**सही** विकल्प का चयन कीजिए :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (3) | (2) | (5) |
| (B) | (5) | (2) | (1) | (4) |
| (C) | (4) | (2) | (1) | (3) |
| (D) | (5) | (3) | (1) | (2) |

51. रामकुमार वर्मा के अनुसार हिन्दी साहित्य के इतिहास के काल-विभाजन का संगत वर्ग है :

(A) संधिकाल, चारणकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल

(B) सिद्धकाल, वीरगाथाकाल, पूर्वमध्यकाल, रीतिकाल

(C) अपभ्रंशकाल, वीरगाथाकाल, भक्तिकाल, उत्तरमध्यकाल

(D) सिद्ध-सामंतकाल, वीरगाथाकाल, पूर्व-मध्यकाल, उत्तरमध्यकाल

52. आदिकालीन रचनाओं में अपभ्रंश के प्रभाव से मुक्त कृतियों का संगत वर्ग है :

(A) उक्तिव्यक्तिप्रकरण, खुमाण रासो, राउलवेल वर्ण रत्नाकर

(B) जयमयंक-जसचंद्रिका, स्थूलिभद्र रास, श्रावकाचार, हम्मीर रासो

(C) खुमाण रासो, बीसलदेव रासो, जयचंदप्रकाश, वसंत विलास

(D) सिद्ध काव्य, नाथ साहित्य, भरतेश्वर-बाहुबलीरास, नेमिनाथ रास

53. आदिकालीन कृतियों का संगत वर्ग है :

(A) उपदेशरसायन, परमात्मप्रकाश, पाहुड़दोहा, भविष्यत्तकहा

(B) भविष्यत्तकहा, उपदेशरसायन, परमात्मप्रकाश, पाहुड़दोहा

(C) परमात्मप्रकाश, पाहुड़दोहा, भविष्यत्तकहा, उपदेशरसायन

(D) पाहुड़दोहा, भविष्यत्तकहा, उपदेशरसायन, परमात्मप्रकाश

54. शारदा लिपि से निकली हुई लिपियों का संगत वर्ग है :

(A) कुटिल, महाजनी, मोड़ी, बंगाली

(B) खारोष्ठी, डोग्री, बंगाली, कुटिल

(C) डोग्री, सिरमौरी, जौनसारी, खारोष्ठी

(D) महाजनी, मोड़ी, बंगाली, डोग्री

55. निम्नलिखित में से एकाक्षरी परिवार की भाषाओं का संगत वर्ग है :

(A) ब्राहुई, फुकिनी, गौंड, कोलामी

(B) मदारिन, कैंटनी, फुकिनी, स्यामी

(C) मदारिन, कोलामी, स्यामी, फुकिनी

(D) स्यामी, गोंड, मदारिन, फुकिनी

56. रूप-परिवर्तन के कारणों का संगत वर्ग है :

(A) ध्वनि-परिवर्तन, स्पष्टता, अज्ञान, बल

(B) स्पष्टता, नया प्रत्यय, बल, अज्ञान

(C) मूल में परिवर्तन, गलत प्रत्यय का प्रयोग, स्पष्टता, अज्ञान

(D) गलत प्रत्यय का प्रयोग, अज्ञान, बल, स्पष्टता

57. निम्नलिखित में से भारोपीय परिवार की भाषाओं का संगत वर्ग है :

(A) मराठी, फारसी, अरबी, हिंदी

(B) अरबी, गुजराती, अंग्रेजी, मराठी

(C) अरबक, संस्कृत, कन्नड़, अवेस्ता

(D) अंग्रेजी, अवेस्ता, फ्रांसीसी, गुजराती

58. निम्नलिखित में से कौनसा वर्ग अष्टछाप के कवियों के संदर्भ में संगत है ?

(A) सूरदास, नंददास, गोविंद स्वामी, छीत स्वामी

(B) रविदास, कृष्णदास, मलूकदास, चतुर्भुजदास

(C) पलटूदास, कृष्णदास, छीत दास, नंददास

(D) नाभादास, सूरदास, नंददास, रविदास

59. रीतिमुक्त काव्यधारा के कवियों का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) रसलीन, ठाकुर, बोधा, आलम

(B) भूषण, देव, घनानंद, याकूब खाँ

(C) चिंतामणि, घनानंद, बिहारी, मतिराम

(D) बिहारी, केशवदास, बोधा, जसवंत सिंह

60. निम्नलिखित में से तीसरा सप्तक (1959) के कवियों का संगत वर्ग है :

(A) धर्मवीर भारती, प्रभाकर माचवे, केदारनाथ सिंह, रघुवीर सहाय

(B) हरिनारायण व्यास, शकुंतला माथुर, कुँवर नारायण, केदारनाथ सिंह

(C) केदारनाथ सिंह, कुँवर नारायण, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, कीर्ति चौधरी

(D) प्रयागनारायण त्रिपाठी, रघुवीर सहाय, केदारनाथ सिंह, कुँवर नारायण

61. निम्नलिखित कहानियों का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) दुलाईवाली, देवरानी–जेठानी की कहानी, तमस, बकरी

(B) राही, आकाशदीप, अपना–अपना भाग्य, चीफ की दावत

(C) प्रायश्चित, दिल्ली दरबार दर्पण, पिता, मुर्दहिया

(D) दुलाईवाली, राही, एक कहानी यह भी, जामुन का पेड़

62. निम्नलिखित उपन्यासों का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) दुलाईवाली, झूठा सच, गैंग्रीन, तमस

(B) कंकाल, गोदान, मैला आंचल, तमस

(C) गोदान, ठकुरी बाबा, जामुन का पेड़, आपका बंटी

(D) गोदान, आपका बंटी, पिता, राही

63. निम्नलिखित कहानियों का संगत वर्ग है :

(A) परिंदे, कोसी का घटवार, कानों में कंगना, राही

(B) कोसी का घटवार, धरती धन न अपना, राही, परिंदे

(C) उठ जाग मुसाफिर, परिंदे, कोसी का घटवार, राही

(D) कोसी का घटवार, महाभोज, परिंदे, राही

64. भारतेंदु हरिश्चंद्र के मौलिक नाटकों का संगत वर्ग है :

(A) नीलदेवी, पाखंड विडंबना, मुद्राराक्षस, सती प्रताप

(B) विषस्यविषमौषधम्, नीलदेवी, सती प्रताप, चंद्रावली

(C) चंद्रावली, विषस्यविषमौषधम्, रत्नावली, नीलदेवी

(D) चंद्रावली, सत्य हरिश्चंद्र, मुद्राराक्षस, नीलदेवी

65. निम्नलिखित में से सात्विक भाव का संगत वर्ग है :

(A) रोमांच, वैवर्ण्य, स्वेद, वेपथु

(B) अमर्ष, मरण, रोमांच, वैवर्ण्य

(C) स्वेद, मरण, अमर्ष, वैवर्ण्य

(D) वैवर्ण्य, उन्माद, रोमांच, वेपथु

66. द्विवेदी युग के निबन्धकारों का कौनसा वर्ग संगत है ?

(A) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, सरदार पूर्णसिंह, गणेश शंकर विद्यार्थी, शिवपूजन सहाय

(B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, सरदार पूर्णसिंह, श्यामसुन्दर दास, शिवपूजन सहाय

(C) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, श्यामसुन्दर दास, शिवपूजन सहाय, सरदार पूर्णसिंह

(D) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, श्यामसुन्दर दास, सरदार पूर्णसिंह, गणेश शंकर विद्यार्थी

67. डॉ. शिवदान सिंह चौहान की रचनाओं का संगत वर्ग है :

(A) प्रगति और परंपरा, संस्कृति और साहित्य, प्रगतिवाद, साहित्य की परख

(B) साहित्य की परख, प्रगतिवाद, आलोचना के मान, साहित्यानुशीलन

(C) संस्कृति और साहित्य, आलोचना के मान, साहित्यानुशीलन, प्रगतिवाद

(D) कविता के नये प्रतिमान, साहित्य की परख, प्रगतिवाद, प्रगति और परंपरा

68. स्त्री-आत्मकथाओं का संगत वर्ग है :

(A) मुड़-मुड़के देखता हूँ, शाल्मिली, हादसा, कलम का सिपाही

(B) कलम का सिपाही, दूसरी परंपरा की खोज, मुड़-मुड़के देखता हूँ, हादसा

(C) एक कहानी यह भी, पिंजड़े की मैना, कस्तूरी कुंडलि बसै, अन्या से अनन्या

(D) एक कहानी यह भी, पिंजड़े की मैना, हादसा, व्योमकेश दरवेश

69. पाश्चात्य काव्यशास्त्रीय ग्रंथों का संगत वर्ग है :

(A) सेक्रेड वुड, पोयटिक्स, ईस्थेटिक्स, रिपब्लिक

(B) रिपब्लिक, पोयटिक्स, ईस्थेटिक्स, सेक्रेड वुड

(C) ईस्थेटिक्स, रिपब्लिक, सेक्रेड वुड, पोयटिक्स

(D) पोयटिक्स, ईस्थेटिक्स, रिपब्लिक, सेक्रेड वुड

70. भारतीय काव्यशास्त्रीय आचार्यों का संगत वर्ग है :

(A) विश्वनाथ, भरत, जगन्नाथ, आनंदवर्द्धन

(B) भरत, आनंदवर्द्धन, विश्वनाथ, जगन्नाथ

(C) जगन्नाथ, विश्वनाथ, आनंदवर्द्धन, भरत

(D) आनंदवर्द्धन, भरत, विश्वनाथ, जगन्नाथ

71. निम्नलिखित प्रेमाख्यान काव्यों का कालक्रमानुसार **सही** क्रम है :

(A) हंसावती, चंदायन, पद्मावती कथा, सत्यवती कथा

(B) चंदायन, हंसावती, सत्यवती कथा, पद्मावती

(C) पद्मावती, चंदायन, सत्यवती कथा, हंसावती

(D) हंसावती, सत्यवती कथा, पद्मावती, चंदायन

72. निम्नांकित में से उच्चारण स्थान के आधार पर कण्ठ से लेकर मुख विवर में उच्चरित व्यंजन ध्वनियों का **सही** क्रम है :

(A) कण्ठ्य, तालव्य, वर्त्स्य, दंत्य, ओष्ठ्य

(B) कण्ठ्य, वर्त्स्य, ओष्ठ्य, दंन्त्य, ओष्ठ्य

(C) दन्त्य, ओष्ठ्य, कण्ठ्य, वर्त्स्य, तालव्य

(D) ओष्ठ्य, वर्त्स्य, तालव्य, कण्ठ्य, दन्त्य

73. रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार भक्तिकाल की फुटकल रचनाओं का **सही** क्रम कौनसा है ?

(A) हिततरंगिणी, सुदामाचरित, माधवानल कामकंदला, हनुमन्नाटक

(B) सुदामाचरित, माधवानल कामकंदला, हिततरंगिणी, हनुमन्नाटक

(C) माधवानल कामकंदला, हनुमन्नाटक, सुदामाचरित, हिततरंगिणी

(D) हिततरंगिणी, सुदामाचरित, हनुमन्नाटक, माधवानल कामकंदला

74. जीवनकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कवियों का **सही** अनुक्रम है :

(A) सोहनलाल द्विवेदी, सूरदास, केशवदास, जगन्नाथदास रत्नाकर

(B) जगन्नाथदास रत्नाकर, सूरदास, सोहनलाल द्विवेदी, केशवदास

(C) सूरदास, केशवदास, जगन्नाथदास रत्नाकर, सोहनलाल द्विवेदी

(D) केशवदास, सूरदास, जगन्नाथदास रत्नाकर, सोहनलाल द्विवेदी

75. प्रकाशनारंभ वर्ष के आधार पर पत्रिकाओं का **सही** क्रम है :

(A) कल्याण, सुधा, मनोरमा, माधुरी

(B) माधुरी, मनोरमा, कल्याण, सुधा

(C) मनोरमा, माधुरी, कल्याण, सुधा

(D) सुधा, कल्याण, माधुरी, मनोरमा

76. जन्म के आधार पर कवियों का **सही** क्रम लिखिए :

(A) बिहारीलाल, रहीम, घनानन्द, मतिराम

(B) रहीम, बिहारीलाल, मतिराम, घनानन्द,

(C) मतिराम, घनानन्द, बिहारीलाल, रहीम

(D) रहीम, घनानन्द, बिहारीलाल, मतिराम

77. सुमित्रानंदन पंत की काव्य-रचनाओं का कालक्रमानुसार **सही** क्रम है :

(A) शिल्पी, ग्राम्या, स्वर्ण किरण, उत्तरा

(B) ग्राम्या, स्वर्ण किरण, उत्तरा, शिल्पी

(C) उत्तरा, ग्राम्या, शिल्पी, स्वर्ण किरण

(D) स्वर्ण किरण, उत्तरा, ग्राम्या, शिल्पी

78. निम्न कविताओं का कालक्रमानुसार **सही** क्रम है :

(A) प्रियप्रवास, पद्यप्रसून, चुभते चौपादे, वैदेही वनवास

(B) पद्यप्रसून, चुभते चौपादे, प्रियप्रवास, वैदेही वनवास

(C) वैदेही वनवास, चुभते चौपादे, प्रियप्रवास, पद्यप्रसून

(D) चुभते चौपादे, वैदेही वनवास, प्रियप्रवास, पद्यप्रसून

79. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित उपन्यासों का **सही** क्रम कौनसा है ?

(A) बाणभट्ट की आत्मकथा, गोदान, तमस, झूठा सच

(B) गोदान, बाणभट्ट की आत्मकथा, झूठा सच, तमस

(C) गोदान, झूठा सच, बाणभट्ट की आत्मकथा, तमस

(D) तमस, गोदान, झूठा सच, बाणभट्ट की आत्मकथा

80. भगवतीचरण वर्मा के उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से **सही** अनुक्रम क्या है ?

(A) सबहिं नचावत राम गोसाई, आखिरी दाँव, भूले बिसरे चित्र, चित्रलेखा

(B) भूले बिसरे चित्र, चित्रलेखा, आखिरी दाँव, सबहिं नचावत राम गोसाई

(C) चित्रलेखा, आखिरी दाँव, भूले बिसरे चित्र, सबहिं नचावत राम गोसाई

(D) आखिरी दाँव, चित्रलेखा, सबहिं नचावत राम गोसाई, भूले बिसरे चित्र

81. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित उपन्यासों के **सही** क्रम को चुनिए :

(A) कर्मभूमि, परख, झूठा सच, अपने-अपने अजनबी

(B) परख, कर्मभूमि, झूठा सच, अपने-अपने अजनबी

(C) परख, कर्मभूमि, अपने-अपने अजनबी, झूठा सच

(D) कर्मभूमि, परख, अपने-अपने अजनबी, झूठा सच

82. प्रकाशन वर्ष के अनुसार प्रेमचन्द की कहानियों का **सही** अनुक्रम क्या है ?

(A) सवा सेर गेहूँ, पूस की रात, कफन, क्रिकेट मैच

(B) पूस की रात, सवा सेर गेहूँ, क्रिकेट मैच, कफन

(C) सवा सेर गेहूँ, कफन, पूस की रात, क्रिकेट मैच

(D) क्रिकेट मैच, सवा सेर गेहूँ, पूस की रात, कफन

83. प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से भीष्म साहनी के नाटकों का **सही** अनुक्रम है :

(A) माधवी, मुआवजे, आलमगीर, हानूश

(B) हानूश, माधवी, मुआवजे, आलमगीर

(C) मुआवजे, हानूश, आलमगीर, माधवी

(D) आलमगीर, माधवी, हानूश, मुआवजे

84. जयशंकर प्रसाद की नाट्य-रचनाओं का कालक्रमानुसार **सही** क्रम है :

(A) अजातशत्रु, स्कंदगुप्त, प्रायश्चित, कामना

(B) अजातशत्रु, प्रायश्चित, कामना, स्कंदगुप्त

(C) स्कंदगुप्त, अजातशत्रु, कामना, प्रायश्चित

(D) प्रायश्चित, अजातशत्रु, कामना, स्कंदगुप्त

85. निम्नांकित दलित लेखकों की आत्मकथाओं का प्रकाशन वर्ष के अनुसार **सही** अनुक्रम है :

(A) तिरस्कृत, हादसे, जूठन, मुर्दहिया

(B) जूठन, हादसे, तिरस्कृत, मुर्दहिया

(C) जूठन, तिरस्कृत, हादसे, मुर्दहिया

(D) हादसे, मुर्दहिया, तिरस्कृत, जूठन

86. प्रकाशन वर्ष के अनुसार दलित आत्मकथाओं का **सही** अनुक्रम है :

(A) जूठन, मेरी पत्नी और भेड़िए, मैं भंगी हूँ, झोपड़ी से राजभवन तक

(B) मैं भंगी हूँ, झोपड़ी से राजभवन तक, जूठन, मेरी पत्नी और भेड़िए

(C) झोपड़ी से राजभवन तक, मैं भंगी हूँ, मेरी पत्नी और भेड़िए, जूठन

(D) मैं भंगी हूँ, जूठन, झोपड़ी से राजभवन तक, मेरी पत्नी और भेड़िए

87. आलोचक का जन्मक्रम के अनुसार **सही** क्रम है :

(A) मॅनैजर पाण्डेय, नगेंद्र, नामवर सिंह, रामचंद्र शुक्ल

(B) रामचंद्र शुक्ल, नामवर सिंह, मॅनैजर पाण्डेय, नगेंद्र

(C) नगेंद्र, नामवर सिंह, रामचंद्र शुक्ल, मॅनैजर पाण्डेय

(D) रामचंद्र शुक्ल, नगेंद्र, नामवर सिंह, मॅनैजर पाण्डेय

88. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित कविताओं का **सही** अनुक्रम कौनसा है ?

(A) प्रियप्रवास, असाध्य वीणा, गीत फ़रोश, राम की शक्ति पूजा

(B) राम की शक्ति पूजा, प्रियप्रवास, गीत फ़रोश, असाध्य वीणा

(C) प्रियप्रवास, राम की शक्ति पूजा, गीत फ़रोश, असाध्य वीणा

(D) प्रियप्रवास, राम की शक्ति पूजा, असाध्य वीणा, गीत फ़रोश

89. निम्नलिखित ग्रन्थों का कालक्रमानुसार **सही** अनुक्रम है :

(A) आलोचना के मान, रसमीमांसा, नई कविता, नई कविता और अस्तित्ववाद

(B) रसमीमांसा, आलोचना के मान, नई कविता, नई कविता और अस्तित्ववाद

(C) रसमीमांसा, आलोचना के मान, नई कविता और अस्तित्ववाद, नई कविता

(D) नई कविता और अस्तित्ववाद, नई कविता, आलोचना के मान, रसमीमांसा

90. निम्नलिखित में से आई. ए. रिचर्ड्स के ग्रन्थों का **सही** क्रम बताइए :

(A) साइंस एंड पोएट्री, प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म, दि फाउंडेशन ऑफ ईस्थेटिक्स, दि फिलॉसॉफी ऑफ रेटॉरिक

(B) दि फाउंडेशन ऑफ ईस्थेटिक्स, साइंस एंड पोएट्री, प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म, दि फिलॉसॉफी ऑफ रेटॉरिक

(C) दि फिलॉसॉफी ऑफ रेटॉरिक, साइंस एंड पोएट्री, दि फाउंडेशन ऑफ ईस्थेटिक्स, प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म

(D) साइंस एंड पोएट्री, दि फिलॉसॉफी ऑफ रेटॉरिक, प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म, दि फाउंडेशन ऑफ ईस्थेटिक्स

91. **स्थापना** : समीक्षा कर्म, सृजनात्मक लेखन पर आश्रित होते हुए भी स्वतंत्र सृजन है।

**तर्क** : सृजनात्मक लेखन और समीक्षा कर्म भिन्न हैं।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

92. **स्थापना** : प्रेमचन्द समस्याओं का चित्रण बड़े कौशल से करते हैं किंतु उचित समाधान नहीं दे पाते।

**तर्क** : वस्तुतः सुधारवाद प्रेमचन्द युग की सीमा थी।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही और तर्क सही है।

(B) स्थापना गलत और तर्क सही है।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क गलत है।

93. **स्थापना** : कलामात्र के लिए वही साहित्य हो सकता है जो विवेकशून्य हो।

**तर्क** : कला विवेक से पलायन है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

94. **स्थापना** : नई कहानी में व्यक्तिनिष्ठ अहं का चित्रण प्रमुख रूप से हुआ है।

**तर्क** : नई कहानी में इसे व्यापक सामाजिक स्वीकृति मिली है।

**सही** विकल्प दीजिए :

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(C) स्थापना गलत और तर्क सही है।

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

95. **स्थापना** : आधुनिकता कोई शाश्वत मूल्य नहीं, वह मूल्यों के परिवर्तन का पर्याय है।

**तर्क** : क्योंकि बदलाव की प्रक्रिया में हर युग आधुनिक होता है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

96. **स्थापना** : स्वच्छंदतावादी कला अंत:प्रेरणाओं का मूर्त रूप है।

**तर्क** : आत्मा के अज्ञात क्षेत्रों में विचरण ही स्वच्छंदतावादी का सुखद अभीष्ट है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना गलत और तर्क सही है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(D) स्थापना सही और तर्क गलत है।

97. **स्थापना** : व्यक्तिगत प्रतिष्ठा अर्थात् व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अनुभूति ही अस्तित्व है।

**तर्क** : व्यक्तिगत स्वतंत्रता ही अस्तित्व का मूल आधार है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

98. **स्थापना** : "काव्य में अभिधा से ही काम चलता है। व्यंजना की शक्ति अभिधा के अभाव में पंगु है।"

**तर्क** : 'अभिधा' और 'व्यंजना' की अपेक्षा लक्षणा श्रेष्ठ काव्य-सृजन में सहायक सिद्ध होती है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना गलत और तर्क सही है।

(B) तर्क गलत और स्थापना सही है।

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

99. **स्थापना** : सुंदर के प्रति सभी दर्शकों की प्रतिक्रिया एकसी नहीं होती।

**तर्क** : प्रत्येक व्यक्ति में सामान्य और विशिष्ट की संगति होती है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

100. **स्थापना** : रसास्वाद का अनुभूत्यात्मक रूप आनंदमय ही होता है।

**तर्क** : क्योंकि रस आस्वाद नहीं आस्वाद्य है अर्थात् अनुभूति नहीं, अनुभूति का विषय है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

## ROUGH WORK